Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Need to accord approval to Arpa Bhaisa Jhall Irrigation Project in Bilaspur district, Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान छत्तीसगढ़ राज्य के विलासपुर जिले की अर्पा भैसा झाल सिंचाई परियोजना की ओर आकर्ति करना चाहता हूँ जो पिछले लगभग 10 वर्ाों से लम्बित है। विलासपुर जिले के ग्राम सकरी में सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक कालोनी का भी निर्माण किया जा चुका है और इन कामों में अरबों रूपए खर्च हो चुके हैं। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस परियोजना से लगभग एक लाख किसान लाभान्वित होंगे और लगभग पांच लाख हेक्टेअर कृाि भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इस परियोजना के बनने से किसानों को लाभ मिलेगा। उस क्षेत्र में अकाल भी पड़ रहा है और पानी की कमी की वजह से किसानों की हालत जर्जर हो चुकी है। इस परियोजना के बनने से सिंचाई क्षेत्र में तख्तपुर विधानसभा क्षेत्र, नागपुर जिले के जरहागांव, ि वलासपुर जिले के सकरी गांव क्षेत्र, बिलहा क्षेत्र आदि के किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि विलासपुर जिले के अर्पा भैसा झाल सिंचाई परियोजना, जो कई वर्ाों से केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए विचाराधीन है, को अविलम्ब स्वीकृति दी जाए जिससे किसानों के हितों में यह योजना पूरी हो सके और किसानों को लाभ मिल सके।